# मध्यप्रदेश विधान सभा

**फरवरी-अप्रैल, 2011 सत्र**

**दैनिक कार्य सूची**

**गुरुवार, दिनांक 17 मार्च, 2011 (फाल्गुन 26, 1932)**

**समय 10.30 बजे दिन**

### 1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

### 2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

श्रीमती अर्चना चिटनीस, स्कूल शिक्षा मंत्री, मध्यप्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम विनियम, 1974 के नियम-48 की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम का वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखे वर्ष 2009-2010 पटल पर रखेंगी.

### 3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) डॉ. गोविन्द सिंह, श्री रामनिवास रावत, चौधरी राकेश सिंह चतुर्वेदी, सदस्य, चम्बल संभाग में अघोषित विद्युत कटौती से उत्पन्न स्थिति की ओर राज्यमंत्री ऊर्जा का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री ताराचंद बावरिया, सदस्य, छिन्दवाड़ा जिले के गुरैया-रोहना मार्ग के निर्माण में राजस्व भूमि से पेड़ों की कटाई होने की ओर राजस्व मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(3) सर्वश्री नर्मदा प्रसाद प्रजापति (एन.पी.), सुनील जायसवाल, श्रीमती साधना स्थापक, सदस्य, नरसिंहपुर जिले में गन्ने से निर्मित गुड़ पर टैक्स लगाये जाने की ओर किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(4) श्री रमेश दिलीप भटेरे, सदस्य, जबलपुर के रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय द्वारा बी.एड. के परीक्षा परिणाम घोषित न किये जाने की ओर उच्च शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

### 4. प्रतिवेदनों की प्रस्तुति/स्वीकृति

(1) श्री खुमान सिंह शिवाजी, सभापति, गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति का तेरहवां प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे तथा निम्नलिखित प्रस्ताव करेंगे -

"सदन गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति के तेरहवें प्रतिवेदन से सहमत है.".

(2) श्री देवेन्द्र वर्मा, सभापति, याचिका समिति का चतुर्थ, पंचम्, षष्टम्, सप्तम् एवं अष्टम् प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे.

### 5. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) कुंवर विक्रम सिंह उर्फ नातीराजा, सदस्य, छतरपुर जिले के -
- (क) ग्राम गोमकला में स्टाप डेम कम रपटा निर्माण किये जाने,
- (ख) ग्राम रनगुवा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का उन्नयन किये जाने, तथा
- (ग) ग्राम प्रतापपुरा से हडुआ के बीच नाले का निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाने,

(2) श्री अभय कुमार मिश्रा, सदस्य, रीवा जिले के -
- (क) बगहिया बांध निर्माण कराये जाने,
- (ख) ग्राम शाहपुर कदौहा सेमरी, बरा के शासकीय माध्यमिक विद्यालयों का उन्नयन किये जाने, तथा
- (ग) नगर पंचायत सेमरिया में जल आवर्धन योजना प्रारंभ किये जाने,

(3) श्री नागेन्द्र सिंह (गुढ़), सदस्य, रीवा जिले के -
- (क) जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान के रामनई, बैसा, तमरा के शासकीय हाई स्कूलों का उन्नयन किये जाने, तथा
- (ख) तमरादेश, खजुहा, बरसेता के हाई स्कूलों का हायर सेकेण्डरी में उन्नयन किये जाने,

(4) श्री रमेश दिलीप भटेरे, सदस्य, बालाघाट जिले के -
- (क) ग्राम बोलेगांव में हाई स्कूल खोले जाने,
- (ख) ग्राम लांजी में सोन नदी परियोजना की स्वीकृति प्रदान किये जाने, तथा
- (ग) तहसील लांजी को पूर्ण तहसील का दर्जा दिये जाने,

(5) श्रीमती रेखा, सदस्य, छतरपुर जिले के -
- (क) ग्राम बछरावनी में नाली एवं सी.सी. रोड निर्माण किये जाने, तथा
- (ख) ग्राम घुआरा में शव विच्छेदन गृह निर्माण कराये जाने,

(6) श्री ध्रुवनारायण सिंह,सदस्य, भोपाल शहर में सेन्ट्रल लायब्रेरी से मंगलवारा, हनुमानगंज गल्ला मंडी तक सड़क निर्माण किये जाने; तथा

(7) श्री विश्वास सारंग, सदस्य, रायसेन जिले के ग्राम डूमर के मिडिल स्कूल का उन्नयन किये जाने,

के संबंध में याचिकाएं प्रस्तुत करेंगे.

## 6. शासकीय विधि विषयक कार्य

(1) श्री राघवजी, वाणिज्यिक कर मंत्री, भारतीय स्टाम्प (मध्यप्रदेश संशोधन) विधेयक, 2011 (क्रमांक 10 सन् 2011) के पुरःस्थापन की अनुमति का प्रस्ताव करेंगे तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुरःस्थापित करेंगे.

(2) श्री राघवजी, वाणिज्यिक कर मंत्री, मध्यप्रदेश स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर (संशोधन) विधेयक, 2011 (क्रमांक 11 सन् 2011) के पुरःस्थापन की अनुमति का प्रस्ताव करेंगे तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुरःस्थापित करेंगे.

(3) श्री राघवजी, वाणिज्यिक कर मंत्री, मध्यप्रदेश वेट (संशोधन) विधेयक, 2011 (क्रमांक 12 सन् 2011) के पुरःस्थापन की अनुमति का प्रस्ताव करेंगे तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुरःस्थापित करेंगे.

## 7. वर्ष 2011-2012 की अनुदानों की मांगों पर मतदान ........(क्रमशः)

| निर्धारित समय | | | |
|---|---|---|---|
| **1 घन्टा** | (1) | मांग संख्या - 24 | लोक निर्माण कार्य-सड़कें और पुल |
| | | मांग संख्या - 42 | आदिवासी क्षेत्र उपयोजना से संबंधित लोक निर्माण कार्य-सड़कें और पुल |
| | | मांग संख्या - 67 | लोक निर्माण कार्य-भवन. |
| **30 मि.** | (2) | मांग संख्या - 18 | श्रम. |
| **1 घन्टा** | (3) | मांग संख्या - 13 | किसान कल्याण तथा कृषि विकास |
| | | मांग संख्या - 54 | कृषि, अनुसंधान एवं शिक्षा. |
| **1 घन्टा** | (4) | मांग संख्या - 17 | सहकारिता |
| **30 मि.** | | मांग संख्या - 20 | लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी. |
| **1 घन्टा** | (5) | मांग संख्या - 37 | पर्यटन |
| | | मांग संख्या - 43 | खेल और युवक कल्याण. |
| **1 घन्टा** | (6) | मांग संख्या - 8 | भू-राजस्व तथा जिला प्रशासन |
| **30 मि.** | | मांग संख्या - 9 | राजस्व विभाग से संबंधित व्यय |
| | | मांग संख्या - 35 | पुनर्वास |
| | | मांग संख्या - 58 | प्राकृतिक आपदाओं एवं सूखाग्रस्त क्षेत्रों में राहत पर व्यय. |
| **1 घन्टा** | (7) | मांग संख्या - 3 | पुलिस |
| **30 मि.** | | मांग संख्या - 4 | गृह विभाग से संबंधित अन्य व्यय. |
| **1 घन्टा** | (8) | मांग संख्या - 39 | खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण. |
| **1 घन्टा** | (9) | मांग संख्या - 55 | महिला एवं बाल विकास. |
| **1 घन्टा** | (10) | मांग संख्या - 12 | ऊर्जा |
| **30 मि.** | | मांग संख्या - 25 | खनिज साधन. |

## 8. शासकीय विधि विषयक कार्य

श्री राघवजी, वित्त मंत्री, मध्यप्रदेश विनियोग (क्रमांक-2) विधेयक, 2011 (क्रमांक 9 सन् 2011) का पुरःस्थापन* करेंगे.

**डॉ. ए.के. पयासी**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा.**

**भोपाल :**
**दिनांक : 16 मार्च, 2011**

---

* मांगों का प्रस्ताव स्वीकृत होने के तुरन्त पश्चात्.